कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, वनमण्डल बस्तर, जगदलपुर

दूरभाष क्र. 07782-222414, फैक्स- 07782-226820 E-mail : dfobastar@yahoo.co.in

क्र./मा.चि./ 5994 जगदलपुर, दिनांक 17/11/2017

प्रति,

वनमण्डलाधिकारी/नोडल अधिकारी
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

विषय :– Diversion of forest land for non-forest purpose under forest conservation act. 1980 proposed for 200KV DCDS jagdalpur- barsoor transmission line, area- 70.782 ha. -regarding.

पंजीयन कमांक / FP/CG/TRANS/23475/2017

संदर्भ :–
1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) छ.ग. रायपुर का पत्र क्र. /भू–प्रबंध/विद्युत/एल.एम.479–159/2112 दिनांक 07.07.2017।
2. कार्यपालन अभियन्ता 400 के. व्ही. लाईन निर्माण संभाग छ.रा. वि.पारे. क. मर्यादित कांकेर का पत्र कमांक/548 दिनांक 06.11.2017।

—00—

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि आवेदक कार्यपालन अभियन्ता 400 के. व्ही. लाईन निर्माण संभाग छ.रा. वि.पारे.क. मर्यादित कांकेर (छ.ग.) द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत् गैर वानिकी उपयोग हेतु दन्तेवाड़ा वनमण्डल के अंतर्गत 47.247 हे. एवं बस्तर वनमण्डल के अंतर्गत 23.535 हे. कुल 70.782 हे. राजस्व वनभूमि में 220 के.व्ही. डी.सी.डी.एस. जगदलपुर –बारसूर विद्युत पारेषण लाईन निर्माण हेतु प्रस्ताव का अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) छ.ग. रायपुर के संदर्भित पत्र क.–1 द्वारा पंजीयन कमांक/FP/CG/TRANS/23475/2017 आबंटित कर प्रस्ताव निर्धारित चेक लिस्ट अनुसार तैयार कर प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त संबंध में आवेदक द्वारा बस्तर वनमण्डल के अंतर्गत 23.535 हे. राजस्व वनभूमि में विद्युत पारेषण लाईन निर्माण हेतु प्रस्ताव निर्धारित चेक लिस्ट अनुसार तैयार कर दिनांक 06.11.2017 को इस कार्यालय में प्रेषित किया गया है। जिसमें वन विभाग से संबंधित जानकारी संलग्न कर पूर्ण प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. आवेदनकर्ता कार्यपालन अभियन्ता 400 के. व्ही. लाईन निर्माण संभाग छ.रा. वि.पारे. क. मर्यादित कांकेर द्वारा दन्तेवाड़ा वनमण्डल के अंतर्गत 47.247 हे. एवं बस्तर वनमण्डल के अंतर्गत 23.535 हे. कुल 70.782 हे.राजस्व वनभूमि में 220 के.व्ही. डी.सी.डी. एस. जगदलपुर–बारसूर विद्युत पारेषण लाईन निर्माण हेतु प्रस्तावित किया गया है।
2. आवेदनकर्ता द्वारा प्रस्ताव का पंजीयन एवं प्रोसेसिंग शुल्क कुल रू. 29000.00 वनमण्डलाधिकारी (नोडल अधिकारी) दन्तेवाड़ा वनमण्डल दन्तेवाड़ा में जमा किया गया है।
3. व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित राजस्व वनभूमि में मिश्रित प्रजाति के 719 नग वृक्ष खड़े है। वृक्षों का विवरण. Form - I, Ia and Ib संलग्न है।
4. प्रस्तावित क्षेत्र का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन संलग्न है।
5. प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तावित वनक्षेत्रों के आस–पास कोई ऐतिहासिक चिन्ह/मूर्ति नहीं है।
6. प्रस्तावित परियोजना का काष्ट बेनिफिट एनालिसिस संलग्न है।
7. प्रस्तावित गैर वानिकी परियोजना में आवेदनकर्ता द्वारा वन संरक्षण अधिनिमय 1980 का उल्लंघन नहीं किया गया है।
8. आवेदित क्षेत्र वन प्रबंधन सूचना प्रणाली वनमण्डल रायपुर से प्राप्त वनस्पति मानचित्र अक्षांश एवं देशांश के आधार पर 10 कि.मी. की परिधि में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान (National Park) के अंतर्गत आता है। परन्तु विद्युत लाईन निर्माण से पर्यावरण को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं है। ऐसे प्रकरण में National Board of Wild Life से अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र कमांक 5–3/2007– एफ.सी. (पी.टी.) दिनांक 19.08.2010 संलग्न है।
9. आवेदित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के तहत् कलेक्टर जिला बस्तर का एफ.आर.ए. प्रमाण पत्र (परिशिष्ट–1) संलग्न है।
10. प्रस्तावित क्षेत्र में पाये जाने वाले वृक्षों के वैज्ञानिक नाम की सूची प्रस्ताव में संलग्न है।

11. प्रस्तावित क्षेत्र वनस्पति मानचित्र में कक्ष कमांक 1647 पी, 1637 पी, 1628 पी एवं 1659 पी विद्युत लाईन मानचित्र में दर्शित है। जबकि स्थल सत्यापन करने पर कक्ष कमांक 1647 पी प्रस्तावित लाईन से 1.23 कि.मी., कक्ष कमांक 1637 पी प्रस्तावित लाईन से 200 मी., कक्ष कमांक 1628 पी प्रस्तावित लाईन से 1.2 कि.मी. एवं कक्ष कमांक 1659 पी प्रस्तावित लाईन से 213 मी. दूरी से विद्युत लाईन प्रस्तावित की गई है।
12. आवेदनकर्ता द्वारा विद्युत पारेषण लाईन के बायी तरफ 17.5 मी. एवं दायी तरफ 17.5 मी. गलियारे में बायी तरफ 3 मी. एवं दायी तरफ 3 मी की पट्टी कुल 35 मीटर (right of way) प्रस्तावित किया गया है।

अतः प्रस्ताव आवश्यक कार्यवाही हेतु पांच प्रतियों में संलग्न प्रेषित है।

संलग्न :– प्रस्ताव पाँच प्रतियों में।

वन मण्डलाधिकारी
वनमण्डल बस्तर, जगदलपुर

पृ.क्रमांक/मा.चि/ 5995 **जगदलपुर, दिनांक** 17 **/11/2017**

प्रतिलिपिः–

01. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (भू–प्रबंध) छ.ग. रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
02. मुख्य वन संरक्षक, जगदलपुर वृत्त जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
03. कार्यपालन अभियन्ता 400 के. व्ही. लाईन निर्माण संभाग छ.रा. वि.पारे. क. मर्यादित कांकेर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल बस्तर, जगदलपुर

Received the copy of D.F.O Dantewara & EE 400KV Kanker
Nawk
17.11.17
AE 400KV Jagdalpur